समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# घाटकोपर मेट्रो स्टेशन का नाम 'वीर योद्धा मुरली नाईक' रखने की मांग तेज, मुंबईकरों ने की MMRDA से अपील।

Publisher

Published on 17 May 2025



## मुंबई मे मुंरली नाईक को श्रद्धांजलि देने की पहल, आत्मसम्मान मंच ने सौंपा ज्ञापन।

मुंबई के **घाटकोपर पूर्व** स्थित मेट्रो स्टेशन का नाम '**वीर योद्धा मुरली नाईक**' के नाम पर रखने की मांग ज़ोर पकड़ रही है। मुंबई आत्मसम्मान मंच के अ**ध्यक्ष नित्यानंद शर्मा** ने कहा कि यदि स्टेशन का नाम शहीद मुरली नाईक पर रखा जाता है, तो यह उनके बलिदान को अविस्मरणीय श्रद्धांजलि होगी।

इस संबंध में **MMRDA (मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण)** के अतिरिक्त **आयुक्त विक्रम कुमार** को एक ज्ञापन सौंपा गया।

**ऑपरेशन सिंदूर मे शहीद हुए थे वीर जवान मुरली नाईक**
**शहीद मुरली नाईक** ने **ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान आतंकवादियों से लोहा लेते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। वे **घाटकोपर पूर्व** के **कामराज नगर** के निवासी थे। ऐसे में स्थानीय लोगों की भावनाओं को देखते हुए स्टेशन का नाम उनके नाम पर रखने की मांग की जा रही है।

**राकांपा और शिवसेना यूबीटी ने भी किया समर्थन**
ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में **राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट)** के नेता जीवन भालेराव भी शामिल थे। उन्होंने कहा:"यह पहल देश की भावी पीढ़ियों को बलिदान की प्रेरणा देने वाली है।"

वहीं शिवसेना यूबीटी के राज्य संघटक विलास रूपवते ने कहा:"देश के सपूत हमारी सुरक्षा के लिए जान देते हैं। प्रशासन को यह मांग जरूर स्वीकार करनी चाहिए।"

### मेट्रो लाइन 4 पर हो नामकरण और स्मारक की मांग

मुंबई में ग्रीन लाइन मेट्रो लाइन 4 के तहत **घाटकोपर ईस्ट** और **लक्ष्मीनगर मेट्रो स्टेशन** बन रहे हैं। आत्मसम्मान मंच चाहता है कि इन्हीं में से किसी स्टेशन का नाम '**शहीद मुरली नाईक स्टेशन**' रखा जाए। साथ ही घाटकोपर में एक स्मारक स्थापित करने की भी मांग की गई है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.